SET-4

Series WXY4Z

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **79**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **15** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# संगीत हिन्दुस्तानी (गायन) (सैद्धान्तिक)

# MUSIC HINDUSTANI (Vocal) (Theory)

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **30***

*Time allowed : **2** hours* | *Maximum Marks : **30***

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***खण्ड अ : सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

*(ii)* ***खण्ड ब : सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।*

*(iii)* ***खण्ड स : सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।*

**खण्ड अ** *8×1=8*

**1.** राग मालकौंस में कौन-से स्वर वर्जित हैं ?

(A) म – प

(B) रे – ध

(C) रे – प

(D) ग – ध

**2.** तानपुरे के कितने प्रकार हैं ?

(A) पुरुष तानपुरा

(B) स्त्री तानपुरा

(C) स्त्री और पुरुष तानपुरा

(D) केवल तार सप्तक के स्वरों का तानपुरा

**3.** राग भैरव में कौन-से स्वर कोमल होते हैं ?

(A) रे – ग

(B) ग – ध

(C) रे – ध

(D) ग – नि

**4.** सही कथन को चुनिए :

i. संगीत पारिजात में 122 रागों का वर्णन है।

ii. राग भैरव में रे – प स्वर वर्जित हैं।

iii. रूपक ताल में सात मात्राएँ होती हैं।

iv. षडज ग्राम की छ: मूर्च्छनाएं होती हैं।

सही विकल्प चुनिए :

(A) ii, iii

(B) i, iii

(C) ii, iv

(D) iii, iv

***General Instructions :***

*(i)* ***Section A** : Attempt **all** questions. Each question carries 1 mark.*

*(ii)* ***Section B** : Attempt **all** questions. Each question carries 2 marks.*

*(iii)* ***Section C** : Attempt **all** questions. Each question carries 6 marks.*

## SECTION A

*8×1=8*

**1.** Which Swaras are ***not*** used in Raga Malkauns ?

(A) Ma – Pa

(B) Re – Dha

(C) Re – Pa

(D) Ga – Dha

**2.** How many types of Tanpuras are there ?

(A) Male Tanpura

(B) Female Tanpura

(C) Male and female Tanpura

(D) Only Taar Saptak Swaras Tanpura

**3.** Which Komal Swaras are used in Raga Bhairava ?

(A) Re – Ga

(B) Ga – Dha

(C) Re – Dha

(D) Ga – Ni

**4.** Choose the correct statement :

i. 122 Ragas have been described in Sangeet Parijat.

ii. Re – Pa Swaras are omitted in Raga Bhairava.

iii. There are Seven Matras in Rupak Taal.

iv. There are Six Murchanas of Shadaj Gram.

Choose the correct option :

(A) ii, iii

(B) i, iii

(C) ii, iv

(D) iii, iv

**5.** सही कथनों को चुनिए :

i. राग मालकौंस की जाति औडव-सम्पूर्ण है।

ii. राग भैरव का गायन समय प्रात: काल है।

iii. फैयाज खां का संबंध आगरा घराने से था।

iv. झपताल में चार विभाग होते हैं।

सही विकल्प चुनिए :

(A) i, ii, iv

(B) i, iii, iv

(C) i, ii, iii

(D) ii, iii, iv

**6.** सूची I को सूची II से मिलान कीजिए :

| | ***सूची I*** | | ***सूची II*** |
|---|---|---|---|
| 1. | तानपुरा | (i) | 17वीं शताब्दी |
| 2. | ध – प, ग – म, रे – स | (ii) | 14 मात्राएँ |
| 3. | संगीत पारिजात | (iii) | जोड़ी तार |
| 4. | धमार ताल | (iv) | राग भैरव |

सही विकल्प चुनिए :

(A) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

(B) 1-(iv), 2-(ii), 3-(iii), 4-(i)

(C) 1-(i), 2-(ii), 3-(iv), 4-(iii)

(D) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii), 4-(iv)

**5.** Choose the correct statements :

i. Jati of Raag Malkauns is Audav-Sampurna.

ii. Singing time of Raga Bhairava is early in the morning.

iii. Faiyaz Khan belonged to Agra Gharana.

iv. There are four vibhagas in Jhaptaal.

Choose the correct option :

(A) i, ii, iv

(B) i, iii, iv

(C) i, ii, iii

(D) ii, iii, iv

**6.** Match List I with List II :

| | ***List I*** | | ***List II*** |
|---|---|---|---|
| 1. | Tanpura | (i) | $17^{th}$ century |
| 2. | Dha – Pa, Ga – Ma, Re – Sa | (ii) | 14 Matras |
| 3. | Sangeet Parijat | (iii) | Pair strings (Jodi Taar) |
| 4. | Dhamar Taal | (iv) | Raga Bhairava |

Choose the correct option :

(A) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

(B) 1-(iv), 2-(ii), 3-(iii), 4-(i)

(C) 1-(i), 2-(ii), 3-(iv), 4-(iii)

(D) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii), 4-(iv)

**7.** *कथन I :* कोमल धैवत का प्रयोग राग मालकौंस तथा राग भैरव में होता है।

*कथन II :* राग बागेश्री के आरोह में 'रे' और 'ध' स्वर वर्जित हैं।

सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन I सही है, परंतु कथन II ग़लत है।

(D) कथन I ग़लत है, परंतु कथन II सही है।

**8.** *कथन I :* राग भैरव की जाति संपूर्ण-संपूर्ण हैं।

*कथन II :* तानपुरे के निचले भाग को ब्रिज कहते हैं।

सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I ग़लत है, परंतु कथन II सही है।

(B) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(C) कथन I सही है, परंतु कथन II ग़लत है।

(D) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।

## खण्ड ब

*5×2=10*

**9.** (क) धमार ताल अथवा झपताल को उसके ठाह एवं तिगुन के साथ ताल लिपिबद्ध कीजिए।

**अथवा**

(ख) राग बागेश्री की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

7. *Statement I :* Komal Dhaivat is used in Raga Malkauns and Raga Bhairava.

*Statement II :* 'Re' and 'Dha' Swaras are varjit (omitted) in Aroha in Raga Bageshri.

Choose the correct option :

(A) Both Statements I and II are correct.

(B) Both Statements I and II are incorrect.

(C) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

(D) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.

8. *Statement I :* Jati of Raga Bhairava is Sampurna-Sampurna.

*Statement II :* The lower part of Tanpura is called bridge.

Choose the correct option :

(A) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.

(B) Both Statements I and II are correct.

(C) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

(D) Both Statements I and II are incorrect.

## SECTION B

*5×2=10*

9. (a) Write Dhamar Tala or Jhaptaal with its Thah and Tigun in Tala Notation.

**OR**

(b) Describe the specialities of Raga Bageshri.

10. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का संक्षेप में वर्णन कीजिए :

(i) मूर्च्छना

(ii) आलाप

(iii) ग्राम

**अथवा**

(ख) तानपुरे को मिलाने की विधि का वर्णन कीजिए।

11. (क) "रागों के समय सिद्धांत" का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**अथवा**

(ख) राग भैरव का 50 स्वरों तक विस्तार कीजिए।

12. (क) संगीत पारिजात का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

**अथवा**

(ख) उस्ताद बड़े गुलाम अली खाँ का भारतीय संगीत में क्या योगदान है ? लिखिए।

13. (क) संगीत रत्नाकर में 'सात अध्यायों' का संक्षिप्त विवरण कीजिए।

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** को परिभाषित कीजिए :

(i) कण

(ii) मींड

(iii) गमक

(iv) अलंकार

## खण्ड स

*2×6=12*

14. (क) अपने निर्धारित पाठ्यक्रम में दिए गए किसी एक राग में विलंबित ख्याल के स्थाई और अंतरा को दो तानों सहित लिपिबद्ध कीजिए।

**अथवा**

(ख) अपने निर्धारित पाठ्यक्रम में दिए गए किसी एक राग में धमार को स्वरलिपिबद्ध कीजिए।

10. (a) Briefly describe any ***two*** of the following :

(i) Murcchana

(ii) Alap

(iii) Gram

**OR**

(b) Describe the process of tuning the Tanpura.

11. (a) Give a brief account of "The Time Theory of Ragas".

**OR**

(b) Elaborate Raga Bhairava upto 50 Swaras.

12. (a) Give a brief description of Sangeet Parijat.

**OR**

(b) Write the contribution of Ustad Bade Ghulam Ali Khan to Indian music.

13. (a) Give a brief description of 'Seven Chapters' in Sangeet Ratnakar ?

**OR**

(b) Define any ***two*** of the following :

(i) Kan

(ii) Meend

(iii) Gamak

(iv) Alankar

## SECTION C

*2×6=12*

14. (a) Write the Notation of Sthai and Antara of Vilambit Khayal in any one Raga from your prescribed syllabus along with two Tanas.

**OR**

(b) Write the Notation of Dhamar in any one Raga from your prescribed syllabus.

**15.** (क) ख्याल गायकी में राग का प्रदर्शन आलाप के साथ शुरू होता है। तत्पश्चात् बंदिशें – बड़ा (विलंबित) ख्याल तथा द्रुत ख्याल और उनका विस्तार तानों तथा बढ़त द्वारा किया जाता है। इसलिए राग के विस्तार के समय राग के प्रत्येक पहलू को ध्यान में रख कर ही विस्तार किया जाना चाहिए। आलाप और तान दोनों का ही महत्त्व है; आलाप, ताल से मुक्त है और तानों का प्रदर्शन ताल के साथ होता है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़ने के पश्चात् अपने निर्धारित पाठ्यक्रम के अपनी पसंद के किन्हीं दो रागों में, प्रत्येक राग में एक आलाप (20 स्वरों तक) को मींड, कण, खटका, गमक आदि के चिह्नों सहित लिखिए तथा 32 मात्राओं की विभिन्न प्रकार की कोई दो तानें लिखिए।

**अथवा**

(ख) आप धमार अथवा ख्याल के किस वर्तमान कलाकार को सबसे अधिक सुनना पसंद करते हैं ? उनकी शैली का आलोचनात्मक विश्लेषण अपने शब्दों में कीजिए।

**15.** (a) In Khayal, Raga delineation begins from Alap followed by the compositions – Vilambit khayal and Drut khayal and its elaborations through Tanas and extempore Badat. Therefore, when a raga is to be developed one has to take all the aspects into account for the proper development of the raga. Alap and Tana both have importance; whereas Alap is free from Tala and Tanas are performed with Tala.

After reading the above passage, create one Alap of 20 Swaras with signs of Meend, Kan, Khatka, Gamak, etc. and two tanas of 32 beats each in different varieties of tanas in any two ragas of your choice from the prescribed syllabus.

**OR**

(b) Which contemporary artiste of Dhamar or Khayal do you like to listen the most ? Critically analyse his/her style in your own words.